Regarding protection of cattles

**डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं । देश और विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र में गौवंश का सड़कों पर बेसहारा घूमना बहुत बड़ी समस्या है, जिसके फलस्वरूप आए दिन सड़कों पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं । इससे जन, धन और गौवंश तीनों का बहुत नुकसान हो रहा है, शासकीय सम्पत्ति का नुकसान हो रहा है । यह एक बहुत बड़ी ज्वलंत समस्या है । बेसहारा गायों के लिए गौ संवर्द्धन व संरक्षण करना नितांत आवश्यक है । इसके लिए व्यापक जन जागरुकता अभियान भी चलाया जाना चाहिए । सरकारी स्तर पर गौवंश के संवर्द्धन व संरक्षण हेतु योजना बनानी चाहिए । उससे किसानों की बहुत ज्यादा क्षति हो रही है ।

मेरी मांग है कि जो इस तरीके से पशुओं को सड़कों पर छोड़ते हैं, उन्हें दण्ड देने के लिए कोई कानून बनना चाहिए और जो गौ सेवा में लिप्त हैं, ऐसे व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने की योजना बनानी चाहिए ।